e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 03 / भू0अ0नि0 (5)–अपील – 16 / 2022 2686 पटना, दिनांक :– 29/9/2022

आदेश

प्रस्तुत अपील "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8 (4)" में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत अपीलार्थी जया कश्यप (Emp. ID. AEN01166), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन द्वारा निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश संख्या– 1629 दिनांक– 02.07.2022 के विरूद्ध दायर किया गया है।

अपीलार्थी जया कश्यप को सुनवाई की निर्धारित तिथि की सूचना ईमेल द्वारा दी गई है। प्रस्तुत अपील में निर्धारित तिथि 09.09.2022 को वाद की कार्रवाई प्रारंभ की गई। उभयपक्ष उपस्थित। निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा अपीलार्थी के अपील पर अपना मंतव्य दाखिल किया गया। प्रस्तुत अपील में उभयपक्षों को सुनकर अपील आदेश पर रखा गया है।

दिनांक– 05.05.2022 को नालंदा जिला के निरीक्षण के क्रम में निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यों की ग्रामवार समीक्षा की गई, जिसमें जया कश्यप (Emp. ID. AEN01166), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन को आवंटित मौजा– कोरनावां, थाना नं0–276 का किस्तवार कार्य लगभग 09 महीने की लंबी अवधि में पूर्ण किया गया है। किस्तवार कार्य समाप्ति के बाद भी पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, जया कश्यप द्वारा खानापुरी कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। समीक्षात्मक बैठक में इस संबंध में उनके द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। निदेशालय द्वारा कार्य में अभिरूचि नहीं लेने एवं कार्य में शिथिलता बरतने के संबंध में पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, जया कश्यप से स्पष्टीकरण की मांग की गई।

पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, जया कश्यप से प्राप्त स्पष्टीकरण को अस्वीकार करते हुए "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8 (4)" में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत जया कश्यप (Emp. ID. AEN01166), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन का संविदा अनुबंध रद्द किया गया है।

अपीलार्थी का कथन है कि मौजा–कोरनावां, थाना नं0–276 में किस्तवार कार्य दिनांक– 02.08.2021 को प्रारंभ किया गया। उक्त मौजा का अधिकांश भाग जलमग्न रहने के कारण मैंने केवल आबादी क्षेत्र का किस्तवार कार्य की थी। किस्तवार के क्रम में मानचित्र में त्रुटि पाई गई थी, जिसका संशोधन हेतु मानचित्र हवाई सर्वेक्षण एजेंसी को दिनांक–22.09.2021 को दे दी थी। हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा संशोधित मानचित्र दिनांक–28.10.2021 को प्राप्त हुआ। मौजा– कोरनावां, थाना नं0–276 में जल–जमाव होने के कारण दिनांक–21.11.2021 तक किस्तवार कार्य करना संभव नहीं था। इस आशय की सूचना मैंने अपने शिविर प्रभारी को दिनांक– 07.09.2021 को दी थी, उनके द्वारा बताया गया कि खेतों में पानी भरे होने एवं उक्त मौजा के रैयतों का लिखित ब्यान भी शिविर प्रभारी को दी थी। किस्तवार कार्य दिनांक–05.04.2022 को समाप्त होने के पश्चात् मानचित्र जाँच हेतु कानूनगो को दे थी। कानूनगो द्वारा मानचित्र सुधार कर हवाई सर्वेक्षण एजेंसी को दिनांक–28.04.2022 को उपलब्ध करा दी थी। रविवारीय एवं राजपत्रित अवकाश तथा मेरे द्वारा ली गई 14 दिनों की आकस्मिक अवकाश को घटा दिया जाय तो किस्तवार कार्य तीन महीने से भी कम समय में पूर्ण किया गया है।

निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के द्वारा दिनांक–05.05.2022 को समीक्षात्मक बैठक किया था, जबकि हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा खानापुरी हेतु मानचित्र दिनांक–18.05.2022 को उपलब्ध कराया गया।

निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के मंतव्य, अपीलार्थी के कथन एव अभिलेख के अवलोकन से स्पष्ट है कि जया कश्यप (Emp. ID. AEN01166), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन का कथन एवं दाखिल साक्ष्य सत्य प्रतीत होता है।

उक्त के आलोक में निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश संख्या– 1629 दिनांक– 02.07.2022 को रद्द किया जाता है एवं जया कश्यप (Emp. ID. AEN01166), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन को संविदा अनुबंध तत्काल प्रभाव से बहाल किया जाता है।

ह0/–
अपर मुख्य सचिव–सह–
अपीलीय प्राधिकार

e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 03/भू0अ0नि0 (5)–अपील – 16/2022 2686 **पटना, दिनांक** :– 29/9/2022

प्रतिलिपिः– जया कश्यप (Emp. ID. AEN01166), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन Email-jayakashyap851@gmail.com, अपीलार्थी को सूचनार्थ प्रेषित।

29/9/22

(अनिल कुमार सिंह)
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप
बिहार, पटना

संख्या :– 03/भू0अ0नि0 (5)–अपील – 16/2022 2686 **पटना, दिनांक** :– 29/9/2022

प्रतिलिपिः– बन्दोबस्त पदाधिकारी, नालंदा/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), नालंदा को सूचनार्थ प्रेषित।

29/9/22

(अनिल कुमार सिंह)
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

संख्या :– 03/भू0अ0नि0 (5)–अपील – 16/2022 2686 **पटना, दिनांक** :– 29/9/2022

प्रतिलिपिः– निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

29/9/22

(अनिल कुमार सिंह)
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

संख्या :– 03/भू0अ0नि0 (5)–अपील – 16/2022 2686 **पटना, दिनांक** :– 29/9/2022

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

29/9/22

(अनिल कुमार सिंह)
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Sanjeev-2022\Bimlesh Mishra\Report\Appeal Format_Jaya Kashyap_order.docx